सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 98 | इंदौर, गुरुवार 23 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Delhi AQI: दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा का कहर, लगातार आज भी 400 के पार एक्यूआई, जानें कैसे हैं हालात
2. UP: सपा के लिए इस बार भी आसान नहीं डगर... यहां पर भाजपा से होगी सीधी टक्कर; रालोद भी है 'कमल' के साथ
3. Bihar Election: महागठबंधन में सबकुछ ठीक करने में जुटे कांग्रेस-राजद के आलाकमान, आज होगी संयुक्त प्रेस कांफ्रेस
4. US-India Tariff: भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के करीब, टैरिफ 16 फीसदी तक संभव
5. Weather: तमिलनाडु में भारी बारिश से 1.46 लाख प्रभावित, पहाड़ों पर बर्फबारी ने बढ़ाई सर्दी; मौसम विभाग का अलर्ट

# किसानों को पिछले साल से 3 गुना ज्यादा राहत-राशि बांटी

## राज्य सरकार ने इस साल 23.81 लाख किसानों को 1801.96 करोड़ रुपए मुआवजा राशि का किया वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्य सरकार ने इस साल 23 लाख 81 हजार 104 किसानों को 1801.96 करोड़ रुपए मुआवजा राशि बांटी है। यह राशि फसल खराब होने से हुए नुकसान, कीट प्रकोप, बाढ़, अतिवृष्टि व पशुहानि पर किसानों को आर्थिक मदद के रूप में दी गई है।**

यह पिछले साल वितरित की गई 660.57 करोड़ राहत राशि से करीब तीन गुना अधिक है। खास बात यह है इस साल 1623 करोड़ रुपए का मुआवजा पिछले तीन महीनों अगस्त, सितंबर व अक्टूबर में ही बांटा गया है, जबकि 180 करोड़ रुपए मानसून से पहले हुए आपदा राहत के तहत बांटे जा चुके थे।

### जिन्हें भुगतान नहीं हुआ, इस माह के अंत तक हो जाएगा

गोवर्धन पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार त्योहारों पर लगातार हर वर्ग को सौगातें दे रही है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रत्येक क्षेत्र में फसल का सर्वे कराकर सरकार द्वारा किसानों को राहत राशि प्रदान की गई है। जिन किसानों को राहत राशि का भुगतान अभी नहीं हो पाया, उन्हें इस माह के अंत तक हर हाल में मुआवजा मिल जाएगा।

इस साल सर्वाधिक मुआवजा राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा और सागर जिलों के किसानों को बांटा गया है। राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक आरबीसी-छह (4) के तहत इस साल प्रदेशभर में अतिवृष्टि और बाढ़ से 14 लाख 93 हजार 804 किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें कुल 1082.12 करोड़ रुपए की राहत राशि का भुगतान किया गया है।

इसके बाद 8 लाख 87 हजार 246 किसानों की फसल पीला मोजेक वायरस और कीट प्रकोप के कारण खराब हुई है, जिन्हें 544.44 करोड़ रुपए का मुआवजा सरकार की ओर से दिया गया है। मानसून के दौरान जनहानि और पशुहानि के मामलों में 178.45 करोड़ रुपए का मुआवजा प्रभावित लोगों को बांटा गया है।



**प्रदेश की गौ-शालाएं अब 'गौ-मंदिर' बनेंगी : सीएम**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की गौ-शालाओं को समाज और सरकार के सहयोग से 'गौ-मंदिर' के रूप में विकसित किया जाएगा। अब हर गौ-शाला में बेहतर सुविधाएं होंगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग देगी। वे बुधवार को हातोद तहसील के खजूरिया स्थित नगर निगम की रेशम केंद्र गौ-शाला में हुए गोवर्धन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एमपी में आधी रात 7 आईपीएस के तबादले

## राजाबाबू सिंह के पास सिर्फ प्रशिक्षण का जिम्मा; इरशाद वली को एसएएफ भोपाल रेंज का अतिरिक्त प्रभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश शासन ने बुधवार की आधी रात को 7 सीनियर आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। इसमें एडीजी और आईजी स्तर के अफसर हैं। सीनियर आईपीएस राजाबाबू सिंह, डीपी गुप्ता, केपी व्यंकटेश्वर राव और इरशाद वली की भूमिका में बदलाव किया गया है।**




गृह विभाग के आदेश में एडीजी प्रशिक्षण पीएचक्यू और शिकायत व मानव अधिकार पीएचक्यू (अतिरिक्त प्रभार) राजाबाबू सिंह को को एडीजी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे एडीजी शिकायत और मानवाधिकार की जिम्मेदारी वापस ले ली गई है।

आईजी एसएएफ पीएचक्यू इरशाद वली को आईजी एसएएफ भोपाल रेंज और आईजी एसएएफ पुलिस मुख्यालय भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### देव प्रकाश और व्यंकटेश्वर राव को भी अतिरिक्त प्रभार

देव प्रकाश गुप्ता को एडीजी मानव अधिकार, शिकायत पीएचक्यू की जिम्मेदारी के साथ एडीजी सामुदायिक पुलिसिंग, आरटीआई, को-ऑपरेटिव फ्रॉड, लोक सेवा गारंटी, पुलिस मैन्युअल, आरएंडडी और पुलिस सुधार पीएचक्यू का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एडीजी नारकोटिक्स केपी व्यंकटेश्वर राव को एडीजी तकनीकी सेवाएं पीएचक्यू का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईजी ईओडब्ल्यू भोपाल सुशांत सक्सेना को आईजी इन्वेस्टिगेशन पीएचक्यू, चैत्रा एन आईजी शिकायत और मानव अधिकार को आईजी एससीआरबी पीएचक्यू और कुमार सौरभ आईजी आजाक पीएचक्यू को आईजी एसआईएसएफ और आजाक आईजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गोवर्धन पूजन

# प्रदेश की गौ-शालाएं, गौ-मंदिर के रूप में विकसित होंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज और सरकार के सहयोग से प्रदेश की गौ-शालाओं को गौ-मंदिर के रूप में विकसित किया जायेगा। गौ-शालाओं में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। गौ-शालाओं के विकास और उनके स्वावलंबन के लिये हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। प्राकृतिक रूप से तैयार उपज पर किसानों को समर्थन मूल्य के साथ ही अतिरिक्त राशि भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में गौ-शालाओं का संचालन नगरीय निकायों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया जायेगा। प्रदेश में खुले में विचरण करने वाली निराश्रित गायों को पिंजरे में नहीं बल्कि गौ-शालाओं में सुरक्षित रूप से रखने के प्रबंध कर उनकी बेहतर देखभाल की जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर जिले के हातोद तहसील के खजूरिया में नगर निगम इंदौर द्वारा स्थापित रेशम केन्द्र गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोवर्धन पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गाय का दूध अमृत है। उसमें सबसे अधिक पोषक तत्व होते हैं। गाय के दूध के सेवन से बीमारियां दूर होती हैं और व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और आनंदित पाता है। गौ-माता दोहरा पोषण करती है। वह अपने बछड़े के पालन के साथ-साथ मानव जाति का भी पोषण करती हैं हर युग में हर आश्रम में गौ-माता पाली जाती थी और जगह-जगह गौ-पालन होता था। परम्परागत रूप से घरों में पहली रोटी गाय के लिये बनाई जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शाला में बने अखाड़े का अवलोकन किया। उन्होंने अखाड़े में कुश्ती देखी और पहलवानों का हौसला बढ़ाया और उनके साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अखाड़ों से हमारे पहलवान कृष्ण और बलराम जैसे बनेंगे। आधुनिक दौर में मेट पर कुश्तियां भी हो रही हैं, इस अखाड़े में भी मेट की व्यवस्था की जायेगी।

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गौ-शालाओं के विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधि भी आर्थिक सहयोग दें। उन्होंने कहा कि गौ-माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गौ-माता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हम अपने बच्चों का जन्मदिन केक काटने की बजाय गौ-शालाओं की सेवा करके मनायें। उन्होंने कहा कि गोबर और गोमूत्र से गौ-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किये जाने की जरूरत है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि राज्य शासन द्वारा पहले प्रति गाय के पोषण के लिये जो राशि प्रदान की जाती थी अब उसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। इससे गौ-पालन और गौ-संवर्धन दोनों बढ़ेंगे।

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी और सुश्री कविता पाटीदार, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री सावन सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, श्री चिंटू वर्मा, श्री श्रवण चावड़ा, श्री सुमित मिश्र, स्वामी अच्युतानंद जी महाराज आदि मौजूद थे।





#### गोबर से निर्मित स्वदेशी दीयों के प्रकल्प की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर गोबर से स्वदेशी दीये बनाने के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रकल्प की सराहना की। उल्लेखनीय है कि गाय के गोबर से बने स्वदेशी दीयों को दीपावली पर्व पर इंदौरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। इस पहल के अंतर्गत लगभग दो लाख दीयों का विक्रय किया गया, जिससे स्थानीय स्वावलंबन को प्रोत्साहन मिला है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट तकनीकी खराबी की वजह से मुंबई से नहीं भर सकी उड़ान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुंबई से इंदौर आकर दिल्ली जाने वाली फ्लाइट बुधवार को 3 घंटे देरी से पहुंची। एयरपोर्ट पर पहले 2 घंटे लेट होने का मैसेज दिया गया, लेकिन फ्लाइट इससे भी एक घंटे देरी से पहुंची। इस वजह से दिल्ली जाने वाले यात्री परेशान होते रहे।

इंदौर एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह मुंबई से आने वाले और दिल्ली जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुंबई से आने वाला एयर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी के कारण 2 घंटे से ज्यादा लेट बताया जा रहा था। इसके कारण दिल्ली जाने वाली फ्लाइट भी लेट होती रही। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई 2591) सुबह 7.25 बजे मुंबई से रवाना होकर 9 बजे इंदौर आती है। यहां से 9.40 बजे रवाना होकर 11.15 बजे दिल्ली पहुंचती है। लेकिन, आज (बुधवार) सुबह इंदौर आने से पहले मुंबई एयरपोर्ट पर विमान में तकनीकी खराबी आ गई। एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक इस वजह से फ्लाइट टेकऑफ ही नहीं कर पाई। एयरलाइंस ने फ्लाइट के 2 घंटे लेट होने की जानकारी दी है। लेकिन फ्लाइट करीब 3 घंटे देरी से मुंबई से टेकऑफ होकर दोपहर 12.20 बजे इंदौर पहुंची। इसके करीब एक घंटे बाद यहां से दिल्ली के रवाना हुई। इस फ्लाइट से दिल्ली जाने के लिए बुधवार सुबह यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए थे, जो फ्लाइट के लेट होने के कारण एयरपोर्ट पर ही परेशान होते रहे। विमान के लेट होने से उन यात्रियों को ज्यादा मुसीबत उठाना पड़ी, जिनकी कनेक्टिंग फ्लाइट थी। ऐसे यात्री अगला विमान नहीं पकड़ पाए और उन्हें टिकट के कैंसिलेशन का खर्च उठाना पड़ा।

# देश के सबसे साफ शहर इंदौर की आबो हवा प्रदूषित, धूल, धुआं बना परेशानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर देश के सबसे साफ शहरों में सबसे पहले क्रम पर है, लेकिन प्रदूषण कम नहीं होता। दीपावली पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 के करीब रहा, जो खतरनाक स्थिति मानी जाती है। श्वास के रोगियों के लिए इस दूषित हवा ने परेशानी और बढ़ाई। दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को भी रीगल तिराहे पर एक्यूआई 319 था। शहर में अमावस्या मंगलवार तक थी।**

इस कारण आतिशबाजी दूसरे दिन भी हुई। इसके अलावा सामान्य दिनों में भी इंदौर की आबोहवा ठीक नहीं रहती है। खासकर शाम के समय प्रमुख मार्गों पर चलने वाले लोगों को प्रदूषित हवा का एहसास सांसे लेने पर होता है। मंगलवार को शहर के मध्य हिस्से में पीएम-10 का मात्रा 123 रही, जबकि पीएम-2.5 का 76.39 रहा। इसकी तुलना में रीजनल पार्क व एयरपोर्ट रोड की आबोहवा तुलनात्मक रप से ठीक रही।





इंदौर में प्रति हजार लोगों में सबसे ज्यदा वाहन है। इस मामले में इंदौर देश में पहले स्थान पर है। एक हजार लोगों पर देश में 617 वाहन है। इस कारण इंदौर में ट्रैफिक जाम की समस्या सबसे ज्यादा बढ़ रही है। शाम के समय शहर के कई मार्गों पर ट्रैफिक जाम होता है। इस कारण प्रदूषण बढ़ जाता है। इसके अलावा शहर में सात स्थानों पर ब्रिज का काम चल रहा है। वहीं मेट्रो व अन्य निर्माण भी हो रहे है। इससे धूल की मात्रा बढ़ जाती है और वातावरण में धूल के कणों की मात्रा बढ़ जाती है। पहले इंदौर के बड़े मार्गों पर मशीनों से सफाई होती थी। मशीन सड़क के डिवाइडर किनारे की धूल भी साफ कर देती थी, लेकिन अब सीमित मार्गों पर मशीनों का उपयोग हो रहा है। इस कारण कुछ मार्गों पर धूल के कारण वाहन चालक परेशान रहते है।

### हरियाली बढ़ाना चाहिए

पर्यावरणविद डॉ. दिलीप वाघेला का कहना है कि मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट का प्रतिशत 14 है, लेकिन वास्तविक रुप से शहर में 9 प्रतिशत से भी कम हरियाली है। जिन शहरों में हरियाली ज्यादा है। वहां प्रदूषण कम मिलता है। इंदौर के कई इलाकों में काफी कम हरियाली बची है। शुद्ध हवा के लिए शहर में सिटी फारेस्टों की संख्या बढ़ाई जाना चाहिए।

## एमवायएच से बैन हुईं तो सड़क पर शुरू कर दी 'भूखों की सेवा'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने भले ही परिसर में निःशुल्क भोजन वितरण पर रोक लगा दी हो, लेकिन सेवाभावी संस्थाओं का जज्बा कम नहीं हुआ है। अस्पताल के गेट बंद होने के बावजूद, ये संस्थाएं अब परिसर के बाहर मुख्य सड़क पर टेबल लगाकर मरीजों के परिजनों और जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर रही हैं।



बीते दिनों एमवाय अस्पताल में चूहों द्वारा दो बच्चों को कुतरने की दुखद घटना सामने आई थी। इस लापरवाही के बाद प्रबंधन ने सख्त कदम उठाते हुए अस्पताल परिसर में बाहरी संस्थाओं द्वारा मुफ्त भोजन वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया। आदेश में यह भी कहा गया कि अस्पताल के अंदर खाद्य सामग्री लाना भी प्रतिबंधित रहेगा, हालांकि संस्थाएं परिसर के बाहर वितरण कर सकती हैं।

प्रबंधन के आदेश के बाद संस्थाओं ने बाहर से ही सेवा कार्य जारी रखा है। परसों दिवाली के दिन भी इन संस्थाओं ने एमवाय के बाहर मुख्य सड़क पर टेबल लगाकर जरूरतमंदों को भोजन बांटा। त्योहार के दिन भोजन पाकर परिजनों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई। संस्था से जुड़े लोगों का कहना है कि त्योहार के समय भी भोजन की जरूरत होती है, इसलिए वे कभी भी भोजन वितरण नहीं रोकते। उल्लेखनीय है कि एमवाय अस्पताल में इलाज करवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से आते हैं। कई साल से ये संस्थाएं यहां जरूरतमंदों को भोजन खिला रही हैं। कोरोना काल में भी इन संस्थाओं ने बायपास पर पहुंचकर सेवा का जज्बा दिखाया था। भोजन के अलावा कई संस्थाएं यहां अन्य प्रकार का दान भी करती हैं, जिससे जरूरतमंद लंबे समय तक इंदौर में रहकर अपना इलाज करवा पाते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मल्हारगंज में हुई घटना पर जताई संवेदना

### परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को एयरपोर्ट पर मल्हारगंज थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना के मृतक अंकित राठौर के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतक की पत्नी खुशबू राठौर को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।

# सौ से ज्यादा जगहों पर होगी छठ पूजा

## तालाबों और घाटों की तैयारी अंतिम चरण में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दीवाली के बाद इंदौर में छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इंदौर में बसे बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के हजारों परिवार सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों में जुट गए हैं। इंदौर में सौ से अधिक जगहों पर अर्घ्य दिया जाएगा। इसे लेकर मेयर इन काउंसिल के सदस्य राजेंद्र राठौर द्वारा पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के पदाधिकारियों के साथ विजय नगर छठ घाट का निरीक्षण किया।**



छठ महापर्व का शुभारंभ इस वर्ष 25 अक्टूबर, शनिवार को 'नहाय-खाय' के साथ होगा। दूसरे दिन 26 अक्टूबर (रविवार) को 'खरना' का व्रत रखा जाएगा। इसके बाद तीसरे दिन 27 अक्टूबर (सोमवार) को श्रद्धालु तालाबों और जलाशयों में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। महापर्व का समापन 28 अक्टूबर मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। इंदौर में ढाई से तीन लाख श्रद्धालु इस पूजा में शामिल होंगे। पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान (मध्यप्रदेश) के महासचिव केके झा ने बताया कि इस साल शहर में लगभग 150 से अधिक स्थानों पर छठ पूजा की जाएगी। स्कीम 54, 78, बाणगंगा, सुखलिया, श्याम नगर, तुलसी नगर, समर पार्क, अमृत पैलेस, पीपलियाहाना, कालानी नगर, निपानिया, सिरपुर, खजराना, देवास नाका, एरोड्रम रोड, राऊ, और पीथमपुर पर छठ घाटों का निर्माण और सजावट की जा रही है। शहर की विभिन्न छठ पूजा समितियां इन घाटों की सफाई, रंग-रोगन, और सजावट में जुटी हैं। झा ने कहा कि लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या के चलते पीपलियाहाना, निपानिया, सिरपुर, खजराना, टिगरिया बादशाह और पिपलियापाला तालाबों पर स्थायी एवं भव्य छठ घाटों का निर्माण कराया जाना चाहिए। इससे हर वर्ष श्रद्धालुओं को पूजा में सुविधा मिलेगी और आयोजन की भव्यता भी बढ़ेगी।

# छठ महोत्सव के कारण ट्रेनों में भारी भीड़



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बिहार में छठ महोत्सव पर अपने घर जाने के लिए इंदौर सहित आसपास के यात्रियों की ट्रेनों में भारी भीड़ है। भीड़ इतनी ज्यादा है कि इसे नियंत्रित करने के लिए कल इंदौर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी नियुक्त कर यात्रियों को कतार बनाकर ट्रेन में सवार किया गया। इस दौरान विशेष बल पूरे समय स्टेशन पर व्यवस्था संभालते नजर आए। इंदौर से बिहार के लिए सिर्फ दो ही ट्रेन संचालित होती है। पहली इंदौर-पटना एक्सप्रेस और दूसरी इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस। एक ट्रेन सप्ताह में दो दिन और दूसरी तीन दिन ही चलती है। दोनों ही ट्रेनों के नियमित न होने के कारण ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिलती है, खासतौर पर त्यौहार के समय। इस समय बिहार में छठ महोत्सव की धूम है। छठ पूजा के लिए बिहार के लोग अपने घर लौटने के लिए इन्हीं ट्रेनों पर निर्भर हैं। कल इंदौर से जाने वाली हावड़ा एक्सप्रेस में इसी कारण यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी तैनात नजर आई। ट्रेन आने से पहले प्लेटफार्म पर यात्रियों को कतार में लगाया गया। ट्रेन आने पर विशेष बलों के मार्गदर्शन में यात्रियों को ट्रेन में चढ़ाया गया। ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ के कारण अव्यवस्था ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए एक दिन पहले ही रतलाम से डीआरएम ने विशेष निर्देश जारी किए थे। इसमें यात्रियों को क्यू में बैठाने की व्यवस्था, प्रॉपर अनाउंसमेंट द्वारा मार्गदर्शन, वाणिज्य विभाग का चेकिंग स्टाफ एवं पर्यवेक्षक तैनात करना और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) व जीआरपी के जवान मुस्तैद ड्यूटी पर रहने की बातें शामिल थीं।

# नया अस्पताल बनाने के लिए मिट्टी का परीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमवाय हॉस्पिटल के पास लगभग 8 एकड़ जमीन पर 1450 बिस्तर का 11 मंजिला नया अस्पताल बनाने के लिए मिट्टी का परीक्षण हो चुका है। अब परिसर में जो अवैध कब्जे और पुराने विभागीय सरकारी भवन की जो बाधाएं हैं, उन्हें हटाने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर के अनुसार निर्माण स्थल पर चिन्हित की गईं बाधाओं में 10 से ज्यादा जहां अवैध कब्जे हैं, वहीं 10 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज सम्बन्धित अस्पताल सहित अन्य छोटे-मध्यम कई शासकीय भवन हैं। इसके अलावा 2 धर्मस्थल भी हैं। इसके अलावा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पास जमीन पर धर्मस्थल सम्बन्धित कमरों का निर्माण भी अतिक्रमण में शामिल है। हटाए जाने वाले अवैध कब्जों में जहां शराब और अन्य कई निजी दुकानों को चिन्हित किया गया है, वहीं सरकारी बाधाओं में हाट बाजार, कैंसर हॉस्पिटल और कई पुराने हॉस्टल शामिल हैं।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, मायके पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता ने मंगलवार देर शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पति और देवर बाजार गए हुए थे। घर लौटने पर उन्हें इसकी जानकारी मिली। अप्रैल महीने में ही महिला की शादी हुई थी।**

मृतका के मायके पक्ष ने इंदौर पहुंचकर पति, सास और ससुर पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दीपावली के पूजन के दिन



भी रोशनी के साथ मारपीट की गई थी। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक, मृतका का नाम रोशनी (22) पति आनंद अर्थे है। उसने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजन उसे रात में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। परिवार के अनुसार, रोशनी का पति आनंद अपने भाई अजय और अन्य लोगों के साथ चाइनीज की दुकान पर नाश्ता करने गया था। वापस आने पर जब देवर अजय ने पार्सल देने के लिए कमरे में जाना चाहा, तो रोशनी वहां नहीं थी। दूसरी तरफ बालकनी की ओर देखने पर उसने रोशनी को फंदे से लटका देखा। इसके बाद अजय ने शोर मचाकर परिजनों को बुलाया। रोशनी का मायका कन्नौद में है। अप्रैल माह में ही रोशनी और आनंद की शादी हुई थी। वह लगभग तीन माह की गर्भवती थी। उसका पति आनंद फर्नीचर का काम करता है। बुधवार सुबह रोशनी के मायके पक्ष के लोग एमवाय अस्पताल पहुंचे। पिता हरीप्रसाद ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को पति, सास और ससुर दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। वे उसे ताने मारते थे कि वह मायके से क्या लेकर आई है। दीपावली की शाम को भी उसके साथ मारपीट की गई थी, जिसकी जानकारी रोशनी ने फोन पर अपनी मां को दी थी। मायके पक्ष का आरोप है कि रोशनी की हत्या कर उसे फंदे पर लटकाया गया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मायके पक्ष के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संडे हो या मंडे फालतू की बात, काहे को खाओ अंडे? अपना तो गाय का दूध पियो और मजे लो...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गाय के दूध को पोषक तत्वों से भरपूर बताते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को लोगों को सलाह दी कि उन्हें पौष्टिकता के लिए अंडों के बजाय गाय के दूध के सेवन को तरजीह देनी चाहिए। मोहन यादव, इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर हातोद में एक गोशाला में 'गोवर्धन पूजा' के कार्यक्रम में शामिल हुए थे।**

सीएम यादव ने इस दौरान एक सभा में पौष्टिक गुणों के लिए गाय के दूध की जमकर तारीफ करते हुए कहा, "जिसके घर में गोमाता होती है, उसके बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्य वैसे ही स्वस्थ रहते हैं। यह अपने यहां परमात्मा की लीला है।"मुख्यमंत्री ने देश में अंडों के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए बरसों पहले पेश किए गए मशहूर नारे "संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे" पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, "काहे के लिए संडे हो या मंडे फालतू की बात। काहे के लिए जबर्दस्ती खाओ अंडे। जो अंडे-डंडे हैं, उनको खिलाते रहो। अपना तो गाय का दूध पियो और मजे लो।"यादव ने कहा, "गाय के दूध में कई पोषक तत्व होते हैं। जो व्यक्ति गाय के दूध और घी का रोज आनंद लेता है, वह अपनी कई बीमारियां समाप्त करता है। गाय का दूध और इससे बने पदार्थ रोगों के खिलाफ एक कवच के रूप में हमारा जीवन सुरक्षित करते हैं।"

## बालिका के लिए इनाम की घोषणा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गोवर्धन पूजा के मौके पर इंदौर नगर निगम की गौशाला रेशम केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सीएम मोहन यादव भी शामिल होने पहुंचे थे। पूजन के बाद सीएम मोहन यादव ने लोगों को संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि समाज और सरकार के सहयोग से ही गौशालाएं, गौ मंदिर बनेंगी। मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में सनातन संस्कृति और सांस्कृतिक विकास के अनेक कार्य हुए हैं। वहीं, गोवर्धन पूजा के लिए भगवान गोवर्धन की जीवंत प्रतिमा गौशाला में बनाई गई थी। यह प्रतिमा एक बालिका ने बनाई थी। इस प्रतिमा को देखकर सीएम मोहन यादव प्रसन्न हुए। साथ ही प्रतिमा को बनाने वाली बालिका महक शर्मा को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि महक शर्मा को 11000 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी।



# श्रीकृष्ण और सुभद्रा के स्नेह में झलकता है भाई-बहन के प्यार का अटूट बंधन

## मुख्यमंत्री निवास में आज होगा भाईदूज का कार्यक्रम, प्रदेश की लाड़ली बहने होंगी शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण और सुभद्रा का रिश्ता भाई-बहन के प्रेम और संरक्षण की सबसे सुंदर मिसाल है। जिस प्रकार श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में बहन सुभद्रा की सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखा, उसी भावना से हमारी सरकार भी प्रदेश की हर लाड़ली बहन के सुख, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की साथी है। श्रीकृष्ण और सुभद्रा का संबंध इस बात की याद दिलाता है कि भाई का स्नेह केवल वचन निभाना ही नहीं, कर्म से निभाई जाने वाली जिम्मेदारी भी है। हमारी सरकार इसी दृष्टि से सांस्कृतिक परंपरा को निभाते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ.



यादव ने कहा कि हमारे लिये बहनों की खुशी, उनकी सुरक्षा और आत्मविश्वास सर्वोपरि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को भाईदूज के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होने वाले भाईदूज कार्यक्रम में सम्मलित होने वाली लाड़ली बहनों को यह संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाईदूज का पर्व भारतीय संस्कृति में प्रेम, स्नेह और जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि उस रिश्ते का उत्सव है, जिसमें भाई अपनी बहन के सुख-दुख, सुरक्षा और सम्मान का वचन निभाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों की मुस्कान ही समाज की समृद्धि का आधार है और हर भाई का यह कर्तव्य है कि वह अपने आचरण और कर्म से इस भावना को मजबूत बनाए।

**शासन में संवेदना, त्यौहारों में अपनापन-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह परंपरा बनाई है कि प्रदेश का हर पर्व जनता के जीवन में नई उमंग और नई आशा लेकर आए। दीपावली, रक्षाबंधन, गोवर्धन पूजा और अब भाईदूज जैसे पर्व शासन के मानवीय स्वरूप का प्रतीक बन चुके हैं।

### लाड़ली बहनें : सशक्त समाज की आधारशिला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनें केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि परिवार और समाज की आत्मा हैं। लाड़ली बहना योजना ने बहनों को आत्मनिर्भर, जागरूक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 44,917.92 करोड़ रूपये की राशि सीधे बहनों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है, जो प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के प्रति स्नेह और सम्मान का जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री निवास पर आने वाली लाड़ली बहनों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर और विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल भी उपस्थित रहेंगे।

## जेब में रखे थे पटाखे, रॉकेट लगने पर फूट पड़े



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** जिले में दीपावली के बाद आतिशबाजी चलाने के दौरान दो अलग-अलग हादसों में दो बच्चे झुलस गए। इनमें एक 15 साल और एक 10 साल का बालक शामिल है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली घटना मायापुर थाना क्षेत्र के तिजारपुर गांव में हुई। यहां सुमित यादव (15) अपने बड़े भाई के साथ घर के आंगन में आतिशबाजी चला रहा था। सुमित ने अपने पेंट की जेब में एक दर्जन से अधिक छोटे पटाखे रखे हुए थे। इसी दौरान उसके भाई द्वारा जलाया गया एक रॉकेट ऊपर जाने के बजाय सुमित की जेब से टकरा गया। इससे जेब में रखे पटाखों में आग लग गई और जोरदार धमाके हुए, जिससे सुमित बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने उसे तत्काल रन्नौद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पेंट काटकर शरीर से अलग किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## लेडी हेल्थ ऑफिसर ने नर्मदा नदी में कूदकर दी जान

**● मंगलसूत्र नहीं मिलने से नाराज**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी। डॉक्टर की पत्नी ने 301 फीट ऊंचे पुल से नर्मदा नदी में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। पति का कहना है कि पत्नी को मंगलसूत्र चाहिए था। उसे समझाया कि बाद में ला देंगे। इसी से नाराज होकर उसने आत्महत्या कर ली। महिला कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर थी और जिले के बोराली गांव में पदस्थ थी।**

घटना छोटी कसरावद गांव में बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे की है। कल्याणपुरा गांव निवासी सीएचओ अंगूरबाला लोनखेड़े अपने पति डॉ. कृष्णा लोनखेड़े से विवाद के बाद अपनी स्कूटी से निकली और नर्मदा पुल पर पहुंचीं। गाड़ी खड़ी कर सीधे नदी में कूद गईं। पुल से गुजर रहे लोगों ने उन्हें कूदते देखा और तुरंत नाविकों को सूचना दी। नर्मदा पुल पर तैनात एसडीआरएफ की टीम ने नाव से सीएचओ का रेस्क्यू किया और उन्हें पानी से बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अंगूरबाला राजपुर के बोराली गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ थीं। डॉ. कृष्णा लोनखेड़े इंदौर में बच्चों के डॉक्टर हैं। दंपती दिवाली मनाने बड़वानी स्थित अपने गांव कल्याणपुरा आए हुए थे। डॉ. कृष्णा लोनखेड़े ने बताया कि बुधवार सुबह घर में पत्नी से मंगलसूत्र को लेकर विवाद हुआ था। वह मंगलसूत्र न लाने से नाराज थीं। उन्हें डर था कि पत्नी गुस्से में कोई गलत कदम उठा सकती है, इसलिए उन्होंने तुरंत डायल 100 और पुलिस को सूचना दी और खुद भी गाड़ी से उनके पीछे गए। हालांकि, वह उन्हें बचा नहीं पाए। दंपती के दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी।



## महाकाल मंदिर में पुजारी और संत भिड़े

**उज्जैन, एजेंसी।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार सुबह गर्भगृह में संत और मंदिर के पुजारी भिड़ गए। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों में गालीगलौज, धक्का-मुक्की और हाथापाई तक हो गई। एक-दूसरे को देख लेने तक की धमकी दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मंदिर प्रशासक को शिकायत दी है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 8 बजे ऋणमुक्तेश्वर मंदिर के गादीपति महंत महावीर नाथ, गोरखपुर के महंत शंकर नाथ जी के साथ गर्भगृह में दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान गर्भगृह में मौजूद पुजारी महेश शर्मा ने दोनों संतों की वेशभूषा पर आपत्ति जताई। इस पर बहस शुरू हुई जो विवाद में बदल गई।

## स्कूल वैन ड्राइवर ने 20 गाड़ियां कुचली

**छतरपुर, एजेंसी।** शराब के नशे में धुत ड्राइवर ने स्कूल वैन से दो कारों और 20 मोटरसाइकिलों को कुचल दिया। स्कूटी पर बैठी महिला और उसकी बेटी को भी टक्कर मार दी। दोनों को चोटें आई हैं। गुस्साए लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर दी। फिर पुलिस को सौंप दिया। मामला छतरपुर जिला अस्पताल में मंगलवार देर रात का है। कोतवाली पुलिस आरोपी इकराम को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। छतरपुर जिला अस्पताल के गार्ड अरविंद सिंह ने बताया कि इकराम ने लापरवाहीपूर्वक निजी स्कूल वैन नंबर एमपी16 टी2066 से कई गाड़ियों को रौंदा।

## तलवार से वार कर दो भाइयों की हत्या कर दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** जिले में तलवार से वार कर दो भाइयों की हत्या कर दी गई। बचाने पहुंचे तीसरे भाई पर भी हमला किया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हत्या के मुख्य आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ बुढ़ार थाने में सरेंडर कर दिया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झारिया को लाइन हाजिर कर दिया। घटना मंगलवार रात बलबहरा गांव की है। सोनू उर्फ राकेश तिवारी और राहुल तिवारी अपनी ऑटो पार्ट्स की दुकान में दीया जलाने पहुंचे थे, तभी आरोपी अनुराग शर्मा, धनेश शर्मा, नयन पाठक, नीलेश कुशवाहा और अन्य आरोपी तलवार और धारदार हथियार लेकर वहां पहुंचे। सभी ने दुकान में दीया जला रहे भाइयों पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही राकेश का बड़ा भाई सतीश भी मौके पर पहुंचा। आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। स्थानीय लोग खून से लथपथ घायलों को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। छोटे भाई राहुल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से पहले राहुल तिवारी ने अपने मोबाइल पर मैसेज रिकॉर्ड किया है। इसमें उसने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि यह उसका अंतिम बयान है। उसने सभी आरोपियों के नाम भी बताए हैं।



## 28 साल की शादीशुदा महिला के साथ दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा , एजेंसी।** एक 28 साल की शादीशुदा महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि आरोपी पिछले 14 महीने से उसे डरा-धमकाकर संबंध बनाता आया है। आरोपी कोई और नहीं बल्कि उसके ड्राइवर पति का गाड़ी मालिक है। आरोप है कि एक बार वह पति के बारे में पूछने के लिए घर आया और अकेला पाकर उसके साथ बलात्कार किया। वह तब से कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे चुका है। घटना पंधाना थाना क्षेत्र की है, पुलिस ने महिला की शिकायत के बाद केस दर्ज कर लिया है। आरोपी दिलीप कुशवाह निवासी पिपलोद है। पुलिस ने रेप, जान से मारने की धमकी देने सहित एट्रोसिटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। बुधवार सुबह उसे गिरफ्तार किया और शाम के समय कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजने के आदेश हुए हैं। पुलिस जांच के दौरान दुष्कर्म पीड़िता और आरोपी दिलीप कुशवाह के बीच अफेयर की कहानी सामने आई है। इस अफेयर की जानकारी महिला के ड्राइवर पति को थी। जो कि दिलीप की आयशर गाड़ी चलाता था। पति ने दिलीप को दो-चार बार समझाइश दी कि वह उसकी पत्नी का पीछा छोड़ दें। लेकिन दिलीप कहता रहा कि तू तेरी पत्नी को संभाल। इसी के चलते महिला के पति ने दिलीप के पास काम छोड़ दिया। 15 अक्टूबर के दिन जब दिलीप फिर से महिला के घर पहुंचा तो महिला ने अपने पति को बताया और थाने में शिकायत की।



## संपादकीय

# डीपफेक वीडियो पर लगाम लगाने की केंद्र की पूरी तैयारी

डीपफेक वीडियो बनने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए ऐसे वीडियो तैयार किए जा रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है। इस चुनौती ने निपटने के लिए केंद्र सरकार अब सख्त कदम उठाने जा रही है। केंद्र सरकार ने इस तरह के कंटेंट पर लगाम लगाने की पूरी तैयारी कर ली है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डीपफेक सहित एआई-जनरेटेड सामग्री से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए आईटी नियमों में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य वास्तविक जानकारी से सिंथेटिक सामग्री को अलग करना है। दरअसल, सरकार यह सुनिश्चित करना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह का कंटेंट न फैले, जिसे लोग सही मान लें। नए नियमों के तहत 50 लाख से ज्यादा यूजर्स वाले बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स से पूछना होगा कि वो जो कंटेंट अपलोड कर रहे हैं, वह सिंथेटिक तो नहीं है। इन दावों की जांच के लिए उचित कदम उठाने होंगे और सभी सिंथेटिक कंटेंट पर स्पष्ट रूप से लेबल लगाना होगा। ताकी यूजर्स को पता चले कि वह असली नहीं है। ये लेबल या मार्कर स्पष्ट रूप से दिखाई देने या सुनाई देने वाले होने चाहिए, जो वीडियो स्क्रीन के कम से कम 10% या ऑडियो क्लिप के पहले 10% हिस्से को कवर करते हों। प्लेटफॉर्म इन मार्करों को हटा या बदल नहीं सकते। ये नियम उन प्लेटफॉर्म को भी कानूनी सुरक्षा प्रदान करते हैं, जो शिकायतों या उचित प्रयासों के आधार पर सिंथेटिक सामग्री को हटाने या ब्लॉक करने के लिए सद्भावनापूर्वक काम करते हैं। मंत्रालय के मुताबिक इन संशोधनों का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को अधिक जागरूक बनाना, जवाबदेही में सुधार करना और सिंथेटिक सामग्री का पता लगाना है, साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में नवाचार को भी बढ़ावा देना है।

## OSHO कहिन

"खुशी तब होती है जब आप खुद से प्यार करते हैं।"



## धर्म कर्म

# भाई-दूज की पूजा और तिलक कैसे करें, नोट कर लें विधि और मुहूर्त



कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितिया तिथि पर भैया दूज की पूजा की जाती है। इस साल भैया दूज के दिन शुभ योगों का संयोग बन रहा है। 23 अक्टूबर को रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि के संयोग में सभी बहनें पूजन के उपरांत भाई को तिलक करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाई दूज के दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक करवाता है, वह यमलोक के डर से मुक्त रहता है और दीर्घायु को प्राप्त करता है। बहनों को यह व्रत करने से सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। आइए जानते हैं भैया दूज पर पूजा का मुहूर्त, तिलक की विधि-

*पंचांग अनुसार, भाई दूज का पूजन मुहूर्त प्रातः 5:05 से 8:55 बजे तक रहेगा, जबकि तिलक मुहूर्त दिन में 9:12 से 1:26 बजे तक, पुनः 3 बजे से 5 बजे तक रहेगा। इस शुभ बेला में बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।*

## भाई दूज की पूजा और तिलक कैसे करें?

इस दिन बहनें घर के मुख्य द्वार पर गोधन का चौका बनाती हैं। उस चौके के अंदर भाइयों के दुश्मनों के प्रतीक स्वरूप गोबर से यम या मेरुदंड, मुसल, सर्प बिच्छू आदि बनाए जाते हैं। फिर उसमें नारियल, पान सुपारी आदि रखकर उसे डंडे से बहनें कूटती हैं। उसके बाद भाइयों की लंबी आयु की कामना करते हुए रुई की माला से आयु जोड़ती हैं। इस माला को बनाते वक्त मौन रहा जाता है और भाई के लिए मंगल कामना की जाती है। इस तरह पूजा में शामिल सभी महिलाएं व युवतियां एक-दूसरे से पूछती हैं कि वह क्या कर रही हैं। वह कहती हैं कि भाइयों की आयु जोड़ रही हैं। रुई की माला को भाई की कलाई या गले में पहना दिया जाता है। यही नहीं पूजा के दौरान बहनें अपने भाइयों को श्राप भी देती हैं। फिर थोड़ी देर बाद पश्चाताप करने के लिए अपनी जीभ पर रेंगनी का कांट चुभाती हैं। वह भाइयों की लंबी उम्र की दुआ करती है। फिर कुछ भाई-भौजी को आशीर्वाद देकर गीत गाती हैं। बहनें भाइयों को गोधन का प्रसाद खिलाती हैं। भाइयों को तिलक करने के बाद ही बहनें कुछ खाती हैं। परंपरा के अनुसार, इस दिन भाइयों को अपनी बहन के घर प्रसाद खाने जाना होता है। इस दिन घर में दाल, पूरी, खीर और मीठा इत्यादि बनाया जाता है। इसके बाद भाई बहनों को गिफ्ट देते हैं।

### भैया दूज तिलक विधि

भैया दूज की पूजा समाप्त करने के बाद भाई को तिलक लगाया जाता है और पूजा के दौरान पूजी गई मिठाई, घड़िया और सुपारी खिलाई जाती है। भाई के सिर पर कपड़ा रखें। अनामिका उंगली से तिलक व अक्षत लगाएं। फिर मुंह मीठा कराएं। चाहे तो आरती भी उतार सकती हैं। बहनें उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुंह करके भाई का तिलक करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बहन-भाई इस दिन यमुना में स्नान करते हैं। भाई की हथेली पर चावल, सिंदूर, कद्दू के फूल, पान, सुपारी और मुद्रा रखकर पानी अर्पित करती हैं। साथ ही यह प्रार्थना करती हैं, "गंगा पूजे यमुना को, यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा-यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े।" इस दिन शाम के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं। मान्यता है कि यदि दीये जलाने के समय आसमान में चील उड़ता दिखाई दे, तो यह शुभ संकेत माना जाता है, और इसे यमराज द्वारा बहन की प्रार्थना स्वीकारने का प्रतीक समझा जाता है।

## Bihar

# बेगूसराय में दर्दनाक हादसा... ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, मेले से लौटते वक्त हुआ हादसा

**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय से दर्दनाक खबर सामने आई है. यहां काली मेला देखकर घर लौट रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. यह हादसा बरौनी–कटिहार रेलखंड पर साहेबपुर कमाल और उमेशनगर रेलवे स्टेशन के बीच हुआ. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.

साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रहुआ गांव के रहने वाले कुछ लोग पास के रघुनाथपुर गांव में काली मेला देखने गए थे. मेले से लौटते समय चार लोग रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे. इसी दौरान खगड़िया की ओर जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से चारों की



मौके पर ही मौत हो गई.

मृतकों की पहचान रहुआ गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मदेव महतो, 40 वर्षीय रीता देवी, 17 वर्षीय रोशनी कुमारी और 10 वर्षीय आरोही कुमारी के रूप में हुई है. सभी एक ही परिवार से हैं. धर्मदेव महतो कुछ समय से प्रदेश में रहकर मजदूरी कर रहा था. छठ पर्व के मौके पर ही अपने परिवार से मिलने गांव आया था.

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए. हादसे के बाद पूरे रहुआ गांव में मातम पसर गया. मृतकों के घर पर कोहराम मचा हुआ है और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है.

सूचना मिलने पर साहेबपुर कमाल थाना पुलिस और रेलवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई.

## New Delhi

# दिल्ली में बिहार के 4 बदमाशों का एनकाउंटर

### रंजन पाठक समेत सभी वांटेड ढेर, चुनाव के दौरान हिंसा की थी साजिश




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के रोहिणी में बिहार पुलिस और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार की देर रात 2 बजकर 20 मिनट पर बिहार के चार बदमाशों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। यह एनकाउंटर रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर डॉक्टर अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला। जानकारी के मुताबिक बदमाशों और पुलिस के बीच जमकर गोलीबारी हुई। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि ये सभी बिहार चुनाव में भी किसी वारदात को अंजाम देने वाले थे।

इन बदमाशों की पहचान भी हो गई है। एनकाउंटर में रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद सभी को रोहिणी स्थित डॉ. बीएसए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

**एनकाउंटर में दो से तीन पुलिसकर्मी घायल-** सूत्रों के अनुसार, एनकाउंटर में कम से कम दो से तीन पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का नेतृत्व डीसीपी संजीव यादव कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इन बदमाशों की तलाश लंबे समय से चल रही थी। बुधवार देर रात इन बदमाशों का लोकेशन रोहिणी में मिली, जिसके बाद इनके खिलाफ एक्शन लिया गया।

## Haryana

# सोन पापड़ी के पैकेट्स मिले तो भड़क गए कर्मचारी

**सोनीपत, (एजेंसी)** दिवाली के मौके पर मिलने वाले बोनस का इंतजार कर्मचारी पूरे साल करते हैं। ऐसे में जब हाल ही में जब एक कंपनी के कर्मचारियों को मन माफिक बोनस नहीं मिला, तो उन्होंने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जहां कंपनी की ओर से दिवाली के मौके पर सोन पापड़ी मिलने पर कर्मचारी बुरी तरह भड़क गए। कर्मचारियों ने विरोध जताने के लिए सोन पापड़ी के सारे डब्बे के फैक्ट्री के गेट पर फेंक डाले। कथित तौर पर यह वीडियो हरियाणा के सोनीपत की एक फैक्ट्री का है। वायरल क्लिप में कई कर्मचारियों को फैक्ट्री के गेट के बाहर सोन पापड़ी के डिब्बे फेंकते हुए देखा जा सकता है। रिपोर्ट में एंकर ने बताया कि वर्कर्स को दिवाली से बोनस देने का वादा किया गया था। हालांकि दिवाली से कुछ दिन पहले, उन्हें नकद बोनस या गिफ्ट वाउचर की जगह उन्हें सोन पापड़ी के डिब्बे थमा दिए गए, जिससे कर्मचारियों का गुस्सा फुट पड़ा। वायरल वीडियो को सोशल मीडिया पर 6 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वीडियो पर लोगों की मजेदार प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं।

## Haridwar

# पटाखे फोड़ने से गुस्साए शख्स ने बच्चों पर उड़ेला तेजाब, 5 झुलसे, एक गंभीर

**हरिद्वार, (एजेंसी)** हरिद्वार के लक्सर में दिवाली की रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पटाखे जला रहे बच्चों पर गांव के ही एक व्यक्ति ने ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल दिया। इस भयावह वारदात में पांच बच्चे झुलस गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़कर पिटाई कर दी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

मामला भिक्कमपुर जीतपुर गांव का है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब नौ बजे गांव के 14 से 15 वर्ष के लगभग दस-पंद्रह बच्चे दीपावली की आतिशबाजी कर रहे थे। उसी दौरान पास में रहने वाले गोवर्धन उर्फ दिलेराम पुत्र मुकुंदाराम ने उन्हें पटाखे चलाने से मना किया। बताया जा रहा है कि बच्चों के न मानने पर आरोपी



ने गुस्से में आकर अपने घर की छत से एक केन में भरा ज्वलनशील पदार्थ नीचे फेंक दिया, जो बच्चों पर गिर गया। अचानक आग लगने जैसी स्थिति से अफरातफरी मच गई। राहुल व दीपक पुत्रगण शेर सिंह, सौरभ पुत्र बहादुर, पंकज पुत्र बालेश और विशाल पुत्र लाहौर सिंह झुलस गए। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और झुलसे बच्चों को नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाया गया।

## खेल

# दक्षिण अफ्रीका से हारकर विश्व कप से बाहर पाकिस्तान

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल की जंग

**कोलंबो, (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप के 22वें मुकाबले में पाकिस्तान को 150 रनों से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं, पाकिस्तान का सफर टूर्नामेंट में समाप्त हो गया है और वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। बारिश से प्रभावित मुकाबला 40 ओवर प्रति पारी का किया गया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने लाउरा वोल्वार्ड्ट (90), सुने लूस (61) और मारिजन कप (68) की शानदार पारियों की बदौलत नौ विकेट पर 312 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद लगातार बारिश बाधा बनी और डीएलएस नियम के तहत पाकिस्तान को 20 ओवरों में 234 रनों का लक्ष्य मिला, जिसके जवाब में टीम मात्र 83 रन पर सात विकेट खो बैठी। मारिजन कप ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के तीन महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर तक पाकिस्तान का स्कोर 35 पर चार हो चुका था, जब बारिश ने फिर खेल रोक दिया। मुकाबला



खत्म होने के बाद दक्षिण अफ्रीका को दो अंक मिले, जिस से वह छह मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड, जो 9-9 अंकों पर हैं, बुधवार को इंदौर में आमने-सामने होंगे। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में जगह पक्की करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया, जबकि भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब बचे हुए स्थान (चौथे) के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

## सिनेमा

# श्रीदेवी की वो फिल्म जो बिना क्लाइमैक्स हुई रिलीज, ढाई करोड़ बजट में कमाए सिर्फ 39 लाख, ये सुपरस्टार था हीरो



बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री श्रीदेवी अपनी दमदार एक्टिंग के चलते फैंस के दिलों में अपनी खास जगह बनाई। श्रीदेवी ने अपने करियर में साउथ से लेकर बॉलीवुड तक कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। लेकिन श्रीदेवी की एक ऐसी फिल्म भी है, जो बिना क्लाइमेक्स के रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। आइए जानते हैं कौन सी है वो फिल्म और कौन था हीरो?

**अधूरी रिलीज हुई श्रीदेवी की फिल्म-** दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो उसका नाम है 'मेरी बीवी का जवाब नहीं'। ये फिल्म साल 1994 में शूट की गई थी, लेकिन रिलीज हुई पूरे 10 साल बाद यानी 2004 में और वो भी अधूरी। इस मूवी में एक्टर अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आए थे। डीएनए इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 'मेरी बीवी का जवाब नहीं' की शूटिंग के दौरान ही प्रोडक्शन बजट खत्म हो गया था, जिसकी वजह से इसे अधूरा ही छोड़ना पड़ा। लेकिन इसे कई सालों के बाद बिना क्लाइमैक्स के ही रिलीज कर दिया गया था। इस मूवी के निर्देशक एस.एम. इकबाल, पंकज पराशर और जयदेव चक्रवर्ती थे।




1. Devaswom Board become brokers' body: BJP on Sabarimala gold row
2. Why trust him if he won't contest Bihar polls: Paswan on Kishor
3. Lokpal now Shockpal: Jairam Ramesh on BMW luxury cars tenders
4. Delhi govt to develop 17 model Chhath ghats along Yamuna: CM Rekha
5. Veteran space scientist Eknath Chitnis dies at 100
6. 5-year-old boy in Delhi abducted, murdered by family driver

# Gold prices in India: MCX gold, silver rates cool for third straight day



**NEW DEIHI, (Agency).** Gold prices in India have corrected for the third straight day, amid concerns that the bullion market was overheating after a blistering rally to record highs.

On 23 October 2025, MCX gold rate fell 0.73% to ₹1,22,751.00 per 10 gm even as MCX silver rate eased 0.84% to ₹1,46,775 per kg, according to data on the Multi Commodity Exchange. That's a stepp decline from record highs seen on 20 October 2025 and 16 October 2025, respectively.

Essentially, gold and silver prices in India are tracking global cues.

Gold fell for a third day, descending toward $4,000 an ounce on investors' concerns the market was overheating after a blistering rally to record highs.

Spot gold was down about 0.5% Thursday, with a technical reset compounded by an exodus of investors from Gold ETF. The single-day outflow from gold-backed ETFs on Wednesday was the biggest in five months, according to data compiled by Bloomberg.

"After an overstretched rally, gold is behaving like an elastic band that's been pulled too far and is now snapping back hard," Hebe Chen, analyst at Vantage Global Prime Pty Ltd., told Bloomberg News. "Prices holding firm above the $4,000 mark point to a technical reset rather than a fundamental shift, with safe-haven demand and the 'debasement trade' still very much intact."

# Meta Platforms plans layoffs to cut 600 AI jobs in Superintelligence Labs unit

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta Platforms Inc. has decided to cut 600 AI jobs at Meta Superintelligence Labs, as the Mark Zuckerberg-owned company looks to make its AI unit more flexible and responsive.

The Meta layoffs affects Facebook Artificial Intelligence Research (FAIR) unit, as well as teams focused on product-related AI and AI infrastructure.



The TBD Lab, which includes many of the highly paid recent hires, was not affected. "By reducing the size of our team, fewer conversations will be required to make a decision, and each person will be more load-bearing and have more scope and impact," Meta's Chief AI Officer Alexandr Wang wrote in an internal memo seen by Bloomberg News. Meta Platforms reorganised its AI efforts under Meta Superintelligence Labs in June after senior staff departures and a poor reception for its open-source Llama 4 model. It includes the company's foundation, product and FAIR teams as well as the TBD Lab.

The downsizing is the latest move by Meta Platforms and Zuckerberg to keep pace with the likes of OpenAI, Google and Microsoft in the AI race. The company first began investing in AI in 2013 by launching FAIR unit and recruiting Yann LeCun, its chief AI scientist, to lead the effort and building a global research network focused on deep learning.

# तेज रफ्तार कार ने 11 वाहनों को टक्कर मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **इंदौर के हीरानगर में एक तेज रफ्तार कार ने मंगलवार को गली में करीब 11 गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस मामले में करणी सेना के पदाधिकारी ने कार ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने कार जब्त की है। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है।**

हीरानगर पुलिस ने करणी सेना के सह संगठन मंत्री मान सिंह राजावत की शिकायत पर MP09CY9466 के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मानसिंह ने बताया कि वह अपने पड़ोसी बाबू कुशवाह से बात कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार वहां से निकली। उसने इस दौरान एक ऑटो रिक्शा सहित करीब 11 दो पहिया वाहनों को टक्कर मार दी। घटना के बाद लोग बाहर निकले तो कार तेज रफ्तार में वहां से निकल गई। बाद में सीसीटीवीनिकालकर पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने कार जब्त की है। वहीं मामले की ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### नशेड़ी कार चालक ने मारी बाइकों को टक्कर

चंदन नगर थाना क्षेत्र में चंदूवाला रोड पर मंगलवार रात एक एसयूवी कार ने दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। घटना में दोपहिया चालकों को मामूली चोट आई हैं। हालांकि गुस्साए लोगों ने एसयूवी चालक की जमकर पिटाई कर दी और एसयूवी में तोड़फोड़ की है। घटना के वक्त कार चालक नशे में था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। चंदन नगर पुलिस ने बताया कि एसयूवी कार ने कुछ दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी थी। घटना के बाद कार का ड्राइवर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कार को जब्त कर लिया और ड्राइवर को थाने ले आए हैं। उससे पूछताछ की जा रही है।

## जेल रोड पर बिजली के पोल में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के जेल रोड पर एक बिजली के पोल में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के चलते तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। समय रहते पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना मंगलवार रात करीब 1 बजे की है। शॉर्ट सर्किट के कारण बिजली के तारों में स्पार्किंग शुरू हो गई। सूचना मिलने पर एमजी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फायर स्टेशन व एमपीईबी कार्यालय को सूचित किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। इलाके की बिजली सप्लाई बंद करने के बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए करीब 1000 लीटर पानी और फोम का इस्तेमाल किया गया। इस हादसे में किसी तरह की जनहानि या आर्थिक नुकसान नहीं हुआ।

## एमआईजी और द्वारकापुरी हत्याकांड के आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी में हुए हत्याकांड में पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया। सभी को थाने लाया गया। पकड़े गए मुख्य आरोपी निगरानी में रहे बदमाश हैं। पूर्व में चली आ रही रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के बीच एक दिन पहले विवाद हुआ था, जिसमें आरोपियों ने घर से निकलते ही क्षितिज की हत्या कर दी थी। एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह की टीम ने क्षितिज (21), निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी, की हत्या के मामले में अभिषेक उर्फ कालू उर्फ चाकू (सुदंर नगर), करण उर्फ रोक (आयोध्यापुरी) और उनके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में कालू और करण दोनों पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों थाने की निगरानी में थे। कुछ दिन पहले पुलिस ने उनसे डोजियर भरवाया और परेड करवाई थी, जिसमें उन्होंने अपराध न करने की कसम खाई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर क्षितिज की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, यह हत्या वर्चस्व की आपसी खींचतान के चलते हुई। इंदौर के द्वारकापुरी में हुए हत्याकांड और चाकूबाजी के मामलों में पुलिस ने 5 आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि एक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच चाकू और गोली का इस्तेमाल हुआ था। डीसीपी आनंद कल्यादगी के अनुसार, मंगलवार दोपहर दिग्विजयनगर मल्टी में गोलीबारी हुई, जिसमें महेश उर्फ बाचू की मौत हो गई और उसका साथी मंसूर घायल हुआ। महेश की ओर से हुए हमले में रमेश और उसकी पत्नी जुल्लू बाई घायल हुए।

# छात्रा की मौत के बाद दोस्त पर एफआईआर

### प्रताड़ित होकर जहर खाने के बाद आग लगाई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **मल्हारगंज इलाके में एक छात्रा ने जहर खाने के बाद खुद को आग लगा ली थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पहले उसने अपनी चचेरी बहन और दोस्तों को बताया था कि उसका एक दोस्त उसे परेशान कर रहा था।**

टीआई वेरेंद्र कुशवाह ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। मंगलवार रात पुलिस ने छात्रा को प्रताड़ित करने के आरोप में उसके दोस्त हर्ष पांडे (निवासी बिहार) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच में पता चला कि कृति पहारिया (निवासी अनाज गली) अपने दोस्त लक्षित के साथ जामगेट घूमने गई थी। उसने यह बात हर्ष को नहीं बताई थी, जिससे वह नाराज हो गया और बार-बार फोन कर उसे परेशान करने लगा। इससे तंग आकर कृति ने जहर खाया और खुद को आग लगा ली। परिजन उसे एयरपोर्ट रोड के निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कृति का मोबाइल जब्त किया, जिसमें वॉट्सऐप पर



हर्ष और लक्षित के साथ उसकी चैटिंग मिली। कॉल रिकॉर्ड में भी हर्ष द्वारा कई बार कृति को किए गए कॉल पाए गए। कृति और हर्ष ने स्कूल की पढ़ाई साथ में की थी और कॉलेज में भी दोनों साथ पढ़ते थे। लेकिन हर्ष हर छोटी-बड़ी बात पर कृति पर दबाव डालता था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। आरोपी हर्ष के पिता दवा की फैक्ट्री चलाते हैं। परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और कुछ समय पहले हर्ष बिहार चला गया था। उसका परिवार उत्तराखंड में दवा का कारोबार करता है। हादसे के दिन हर्ष के कुछ दोस्त अस्पताल पहुंचे थे और उन्होंने कृति के नाबालिग भाई व चाचा को धमकाया था। कृति की मौत के बाद उसका परिवार मल्हारगंज थाने पहुंचा, जहां अफसरों ने आरोपी हर्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### बाइक पर स्टंट करने वाली युवती के दो चालान बनाए

**इंदौर।** एक युवती का बाइक पर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस ने सोशल मीडिया से उसे आईडेंटिफाई किया और उसे एडिशनल डीसीपी के ऑफिस बुलाया गया। उसके दो चालान बनाए गए और वीडियो डिलीट करने के लिए कहा गया है। एक युवती का बाइक पर स्टंट करने का वीडियो मंगलवार को सामने आया था। जिसमें वह लापरवाही पूर्वक बाइक चलाती नजर आ रही है। स्टंट के दौरान युवती ने हेलमेट भी नहीं लगाया है। वीडियो देखने के बाद पुलिस हरकत में आई और सोशल मीडिया पर युवती की तलाश शुरू की। युवती को सोशल मीडिया के माध्यम से आइडेंटिफाई किया गया और उसे एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के ऑफिस बुलाया गया। बुधवार को युवती एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के ऑफिस पहुंची। जहां पर पुलिस ने उस पर कार्रवाई करते हुए दो चालान बनाए। इस दौरान मौके पर ही चालान की राशि भी भरवाई गई। इसके साथ ही आगे से इस तरह के स्टंट नहीं करने की हिदायत भी दी गई।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक